कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 13.09.2024

विषय:- दिनांक 08.09.2024 को श्रीकाशी विश्वनाथ मन्दिर परिसर से गुम हुए नाबालिग बच्चे को थाना चौक पुलिस द्वारा सकुशल बरामद किया गया। ।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा गुमशुदा व्यक्ति/वस्तु की तलाश के क्रम में चलाए जा रहे अभियान के तहत, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध व प्रभारी निरीक्षक चौक के नेतृत्व में थाना चौक पुलिस टीम द्वारा दिनांक 12.09.2024 को समय 21.05 बजे गाजीपुर स्टेशन परिसर के पीछे से मु0अ0सं0-88/2024, धारा- 137(2) बीएनएस से सम्बन्धित गुम हुए नाबालिग बालक को सकुशल बरामद किया गया।

घटना का विवरण:-

श्रीकाशी विश्वनाथ मन्दिर परिसर से दिनांक 08.09.2024 को गुम हुये नाबालिग बच्चे के सम्बन्ध में नाबालिग बच्चे के पिता द्वारा दिनांक 09.09.2024 को एक प्रार्थना पत्र दिया गया था जिसपर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। नाबालिग बच्चे की बरामदगी हेतु थाना चौक से कई टीमें गठित की गयी थी । गठित टीमों द्वारा आस-पास के लोकल कैमरे तथा कमिश्नरेट वाराणसी में लगे अन्य कैमरे को कमान्ड सेन्टर से तथा इसी क्रम में कैमरा चेक करते करते वाराणसी सीटी स्टेशन पर लगे कैमरे को चेक किया गया तथा लगभग 200 कैमरों को चेक करते हुए व अन्य सूत्रों द्वारा गाजीपुर स्टेशन के पास से नाबालिग बच्चे को सकुशल बरामद किया गया।

नाबालिग बच्चे के गुम होने से सम्बन्धित अभियोग का विवरण:-

1. मु0अ0सं0- 88/2024 धारा 137(2) बीएनएस थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी

गुम होने का दिनांक व समय:- श्रीकाशी विश्वनाथ मन्दिर परिसर थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी दिनांक 09.09.2024 को।

बरामद होने का दिनांक व समय:- गाजीपुर स्टेशन परिसर के पीछे दिनांक 12.09.2024

नाबालिग बच्चों को बरामद करने वाली टीम: -

1. प्रभारी निरीक्षक श्री विमल कुमार मिश्रा थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री सत्य देव चौकी प्रभारी केवीएम थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 श्री विकल शाण्डिल्य चौकी प्रभारी ब्रह्मनाल थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
4. प्रशि0 उ0नि0 श्री मनीष सिंह थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी
5. प्रशि0 उ0नि0 श्री शुभम शर्मा थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
6. कं0ऑ0 ग्रेड ए निरंजन कुमार झा थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।